भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1093**

(दिनांक 26.07.2023 को उत्तर के लिए)

**केन्द्र सरकार के नियमित असैन्य कर्मचारी**

**1093. एडवोकेट ए.एम. आरिफ:**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष दस लाख सरकारी नौकरियों के सृजन के संबंध में सरकार के बयान के बावजूद केन्द्र सरकार में असैन्य नियमित कर्मचारियों के 9.64 लाख से अधिक पद रिक्त हैं और यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ष 2022 में केन्द्र सरकार में स्वीकृत पदों की संख्या तीन वर्षों में सबसे कम थी और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) 30.06.2023 की स्थिति के अनुसार रेलवे, रक्षा (सिविल), गृह, डाक और राजस्व मंत्रालयों/विभागों में स्वीकृत और रिक्त पदों की संख्या कितनी है जिनके बारे में यह माना जाता है कि वे केन्द्र सरकार में 90 प्रतिशत से अधिक नौकरियों प्रदान करते हैं; और

(घ) वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 तक केन्द्र सरकार के असैन्य नियमित कर्मचारियों के स्वीकृत और रिक्त पदों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) से (घ) :** व्यय विभाग की वेतन अनुसंधान इकाई (पीआरयू) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 01.03.2022 तक की स्थिति के अनुसार सिविलियन नियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों की संख्या 9,64,359 थी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग समय-समय पर केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समयबद्ध तरीके से रिक्त पदों को भरने के लिए निर्देश देता रहा है।

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। रोजगार मेला के एक भाग के रूप में, रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा जा रहा है। रोजगार मेलों का आयोजन देश भर में किया जा रहा है और नव-नियुक्त कार्मिकों को विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/ स्वास्थ्य एवं शिक्षा संस्थानों सहित स्वायतशासी निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों इत्यादि में शामिल किया जा जा रहा है।

व्यय विभाग की वेतन अनुसंधान इकाई (पीआरयू) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 01.03.2022 की स्थिति के अनुसार रेलवे, रक्षा (सिविलियन), गृह, डाक और राजस्व मंत्रालयों/विभागों में स्वीकृत पदों और रिक्त पदों की संख्या क्रमश: 36,20,782 और 8,39,821 है।

******